# महापौर परिषद की बैठक में विभिन्न विकास कार्यो को मिली मंजूरी

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई में महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में आहूत की गई। बैठक में प्रमुख रूप से 11 एजेण्डा विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। जिसमें एस.एल.आर.एम. सेंटर में कचरों का पृथकीकरण एवं सामग्रीयों का क्रय, अनुपचारित ठोस अपशिष्ट के बायोरेमिडिएशन, सालिड वेस्ट मैनेजमेंट, 77 एमएलडी जलशोधन संयंत्र में आनग्रिड सोलर प्लांट, हाइड्रोलिक एलिवेटर का किराया निर्धारण, सक्शन कम जेटिंग मशीन का किराया निर्धारण, जलकर, संपवेल, पंप हाउस एवं राइजिंग पाईन लाईन जैसे विषयों का शामिल किया गया। स्वच्छता दीदीयों के माध्यम से 6 नग नवनिर्मित एस.एल.आर.एम. सेंटर में कचरों के पृथकीकरण तथा गीले कचरे से खाद तैयार करने, स्वच्छ भारत मिशन के दिशा निर्देशानुसार निगम क्षेत्रांतर्गत नवनिर्मित एस.एल.आर.एम. सेंटर हेतु सामग्री क्रय किये जाने के कार्य को महापौर परिषद के सदस्यों ने विचार करते हुए सहमति प्रदान किए। गोकुल नगर कुरूद के पास जामुल स्थित शेष अनुपचारित ठोस अपशिष्ट के बायोरेमिडिएशन, 15वें वित्त आयोग अंतर्गत सालिड वेस्ट मैनेजमेंट के कार्य को कराये जाने की सर्व सम्मति से पारित किया गया। चंद्रा मोर्या अंडरब्रिज के पास आफग्रिड सोलर प्लांट स्थापना कार्य को परिर्वतन कर 77 एमएलडी जलशोधन संयंत्र में आनग्रिड सोलर प्लांट स्थापित करने के कार्य को महापौर परिषद के सदस्यों से मंजूरी दी। हाइड्रोलिक एलिवेटर एवं सक्शन कम जेटिंग मशीन को किराया निर्धारण करने पर विचार करते हुए सहमती प्रदान किया गया। नगर निगम भिलाई के 2.72 एमएलडी जलशोधन संयंत्र से क्लीयर वाटर प्रदाय हेतु संपवेल, पम्प हाउस एवं राइजिंग मेन पाईप लाईन बिछाने हेतु सदस्यों ने मंजूदी प्रदान की। महापौर परिषद की बैठक महापौर परिषद के सदस्य सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, लालचंद वर्मा, साकेत चंद्राकर, केशव चौबे, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, चंद्रशेखर गंवई, नेहा साहू, मन्नान गफ्फार खान, रीता सिंह गेरा सहित उपायुक्त सह सचिव नरेन्द्र कुमार बंजारे, जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उपअभियंता, स्वास्थ्य अधिकारी, लेखाधिकारी एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

